सनातन संस्कृति के संरक्षण में शंकराचार्य का स्थान सर्वोपरि : प्रो. ओमप्रकाश पांडेय

स्वदेश संवाद ■ लखनऊ

जगतगुरु आदि शंकराचार्य ने न केवल सनातन संस्कृति को संरक्षित करने का कार्य किया बल्कि, उन्होंने सनातन की ध्वज पताका को सम्पूर्ण विश्व में फहराने का कार्य किया। यह विचार लखनऊ विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के पूर्व अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वैचारिक पत्रिका राष्ट्रधर्म के संपादक प्रो.ओम प्रकाश पांडेय ने बीएसएनवी पीजी कॉलेज (केकेवी) में शनिवार को व्यक्त किए। भारत की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक चेतना में जगतगुरु शंकराचार्य के योगदान पर व्याख्यानमाला का आयोजन बप्पा श्री नारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय में किया गया था। मुख्य वक्ता प्रो.ओम प्रकाश पांडेय एवं अध्यक्षता हेतु लविवि हिंदी विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो.सूर्यप्रसाद



दीक्षित सम्मिलित हुए।

मुख्य वक्ता के रूप में प्रो.पांडेय ने कहा कि शंकराचार्य ने भारत की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने अपने समय में न केवल बौद्धों को वैचारिक रूप से पराजित किया, बल्कि भारत के चारों कोनों में जाकर सनातन की ध्वज पताका फहराई। विशिष्ट वक्ता प्रो.जयशंकर पांडेय ने शंकराचार्य पर व्याख्यानमाला करने हेतु भारतीय भाषा समिति के निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि इससे राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की मंशा के अनुरूप भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुशीलन को प्रोत्साहन मिलेगा। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो.सूर्य प्रसाद दीक्षित ने कहा कि शंकराचार्य वास्तव में सभी को एक समान मानकर सर्व समाज के उन्नयन में अपना योगदान देने वाले व्यक्तित्व थे। उन्होंने छुआछूत जाति-पांति आदि के भेदभाव को नही स्वीकारा और सभी मे ब्रह्म के दर्शन करने का आग्रह किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.संजय मिश्रा ने आयोजक मंडल को बधाई दी। संयोजक प्रो.अनीता ओझा ने शंकराचार्य के जीवन परिचय को प्रस्तुत करते हुए उनके दर्शन से सभी को अवगत कराया। सह-संयोजक डॉ.मञ्जुल त्रिवेदी ने कहा कि भारतीय भाषा समिति के द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर व्याख्यान माला श्रृंखला का आयोजन किया जाना अत्यंत सराहनीय है। जिसके क्रम में पूरे प्रदेश के अनेक विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में शंकराचार्य पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षकों समेत सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

भारतीय भाषा समिति शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनुदानित

एवं

विद्याभारती उच्च शिक्षा संस्थान

तथा

बी.एस.एन.वी. पी.जी. कॉलेज, लखनऊ

के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित

जगद्गुरू आदि शंकराचार्य व्याख्यानमाला



विषय – भारत की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक एकता में जगद्गुरू श्री शंकराचार्य का योगदान



अध्यक्षता
प्रो० सूर्य प्रसाद दीक्षित
पूर्व विभागाध्यक्ष, हिन्दी विभाग
लखनऊ विश्वविद्यालय



मुख्य वक्ता
प्रो० ओम् प्रकाश पाण्डेय
पूर्व विभागाध्यक्ष, संस्कृत विभाग
लखनऊ विश्वविद्यालय



विशिष्ट वक्ता
प्रो० जयशंकर पाण्डेय
क्षेत्र संयोजक
विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान

दिनांक – 23 मार्च, 2024 ● **समय – प्रातः 11:00 बजे से** ● **स्थान – महाविद्यालय सभागार**

संयोजक
प्रो० अनीता ओझा
बी.एस.एन.वी. पी.जी. कॉलेज, लखनऊ

सह-संयोजक
डॉ० मंजुल त्रिवेदी
बी.एस.एन.वी. पी.जी. कॉलेज, लखनऊ

प्राचार्य
प्रो० संजय मिश्रा
बी.एस.एन.वी. पी.जी. कॉलेज, लखनऊ